प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 31.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000000

- राजस्थान दिवस महोत्सव के तहत आज जयपुर में निवेश उत्सव का आयोजन–मुख्यमंत्री 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों का कार्य प्रारंभ करेंगे।
- केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- प्रदेशभर में आज गणगौर का पर्व पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है–जयपुर में गणगौर की सवारी निकाली जायेगी
- ईद–उल–फितर आज–विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की जा रही है।
- प्रदेश में सुबह और शाम हल्की ठंड–मौसम विभाग ने कल तक तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना जताई।

00000

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत आज जयपुर में निवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस आयोजन में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत लगभग 3 लाख करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट्स की सौगात देंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री उद्योग और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक, डेटा सेन्टर और टेक्सटाइल तथा अपैरल पॉलिसी का भी विमोचन करेंगे। साथ ही, राइजिंग राजस्थान के निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग के लिए मोबाइल ऐप का शुभारंभ, निवेशकों को भू–आवंटन पत्र वितरण, राइजिंग राजस्थान के न्यूज लेटर का विमोचन और राजस्थान फाउंडेशन के नए चैप्टर्स की शुरूआत के दिशा–निर्देश भी जारी करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा और सभी जिले वर्चुअली भी जुडेंगे।

00000

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत कल जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर राज्यस्तरीय सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान राजस्थानी कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में भव्य आतिशबाजी भी की गई। प्रदेशभर में राजस्थान दिवस उत्साह और उमंग से मनाया गया। सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। मंदिरों में विशेष आरती का आयोजन हुआ और प्रदेशवासियों ने अपने घरों पर दिए जलाकर राजस्थान दिवस हर्षोल्लास से मनाया।

0000

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि महिलाओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिला सशक्तिकरण को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। श्री यादव ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगाम लगाने और उन्हें त्वरित सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से खैरथल में महिला थाने का उद्घाटन किया। महिला शक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय वन मंत्री ने महिला पुलिसकर्मी छोटी मीना के हाथों से फीता कटवाकर महिला थाने का उद्घाटन करवाया। इसके बाद उन्होंने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरणों के वितरण कार्यक्रम में भाग लिया।

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से दो दिन की महाराष्ट्र की यात्रा पर रहेंगी। वह आज शाम मुंबई पहुंचेगी। राष्ट्रपति मुर्मु कल मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में शामिल होंगी।

000

प्रदेशभर में आज गणगौर का पर्व मनाया जा रहा है। होली से शुरू हुआ ईसर गणगौर के पूजन का सिलसिला आज सम्पन्न होगा। पूजा के बाद तालाब, सरोवरों और बावड़ियों में मंगल गीतों के साथ गणगौर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इससे पहले कल सिंजारा मनाया गया। इस मौके पर

विवाहिताओं को मेंहदी, श्रृंगार का सामान, वस्त्र, मिठाई और अन्य उपहार दिये। हमारे जयपुर संवाददाता ने बताया कि सुख और सौभाग्य से जुड़े इस लोकपर्व पर राजधानी जयपुर में दो दिन तक शाही लवाज़मे के साथ गणगौर की सवारी निकाली जाएगी। जयपुर में आज गणगौर की पारंपरिक शाही सवारी पूरे लवाजमे के साथ त्रिपोलिया गेट से निकलेगी जो छोटी चौपड़ से होते हुए गणगौरी बाजार के बाद तालकटोरा पहुंचेगी।

....

जोधपुर में गणगौर का त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। होली के दूसरे दिन से शुरू हुआ ईसर गणगौर पूजन का आज समापन हो जाएगा। इससे पहले तीज की पूर्व संध्या पर लोटियों के मेले की धूम रही। पोकरण में आज गणगौर पर्व पर मेला भर रहा है। पोकरण फोर्ट में भरे जाने वाले इस मेले में इसर–गौर की प्रतिमाए सजाई जाएगी और महिलाए उनका पूजन करेगी। भरतपुर, बाडमेर और हनुमानगढ में भी गणगौर का पर्व पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**0000**

ईद–उल–फितर आज पूरे देश में मनाई जा रही है। इसके साथ ही आज रमजान का महीना भी समाप्त हो रहा है। इस मौक़े पर आज ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अता की जा रही है। राष्ट्रपति और उप–राष्ट्रपति ने लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने कहा कि ईद–उल–फितर रोजा और इबादत के पूरा होने का त्योहार है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह पर्व शांति, प्रगति और खुशहाली लेकर आएगा और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढने की शक्ति प्रदान करेगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ईद–उल–फितर के मौके पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।इधर राजधानी जयपुर में भी ईद–उल–फितर की मुख्य नमाज ईदगाह पर होगी। इसके लिए मस्जिदों में आकर्षक रोशनी और सजावट की गई है। ईद को लेकर बाजार भी गुलजार रहे। लोग देर रात तक ईद की खरीदारी करते हुए नजर आये। आज घर–घर में खीर और सेवईयां बनाई गई है। बाड़मेर में गेहूँ रोड स्थित ईदगाह मैदान में सुबह की नमाज अदा की गई। भीलवाड़ा में ईदुल फितर की सामूहिक नमाज सांगानेरी गेट चौराहे पर स्थित ईदगाह मैदान में अदा की गई। सवाई माधोपुर, जैसलमेर और हनुमानगढ़ में ये पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। अजमेर में भी ईद उल फितर पर्व के चलते ख्वाजा साहब की दरगाह का जन्नती दरवाजा एक दिन के लिए खोल दिया गया है।

.....

00000

प्रदेश में उत्तरी हवाओं के असर से सुबह–शाम हल्की ठंड का अहसास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल तक उत्तरी हवाओं का असर रहेगा और तापमान सामान्य से कम रहेगा। वहीं परसों से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ स्थानों पर मौसम में बदलाव के आसार हैं। आने वाले दिनों में दक्षिणी पूर्वी राजस्थान में बादल छाये रहने की संभावना है। उदयपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। विभाग ने आठ जिलों के लिए बरसात का येलो अलर्ट जारी किया है।

**0000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को कटरा से कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना करेंगे। केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने जम्मू में संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 19 अप्रैल को ऊधमपुर पहुंचेंगे और विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल का उद्घाटन करेंगे। वंदे भारत रेलगाड़ी फिलहाल कटरा से चलेगी क्योंकि जम्मू स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है।

**0000**

आईपीएल टी–20 क्रिकेट में, राजस्थान रॉयल्स ने कल रात गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स को 6 रन से हरा दिया। 183 रन के जवाब में, चेन्नई सुपर किंग्स की टीम निर्धारित बीस ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी। राजस्थान रॉयल्स के लिए वानिंदु हसरंगा ने चार विकेट लिए। राजस्थान रॉयल्स की ओर से नितीश राणा ने 36 गेंदों पर 81 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रतियोगिता में आज मुंबई में मुंबई इंडियंस का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

**0000**